**समाचार**

# बिना अनुमति बन रहे भवनों पर होगी कार्यवाही, तुरंत प्राप्त करें अनुमति

## (नियमितीकरण हेतु आवेदन न करने वालों पर है कड़ी नजर)

## (नियमों के उल्लंघन व निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की, अधिकारियों को दिए कार्यवाही के निर्देश)




कोरबा 28 दिसम्बर 2022 – बगैर अनुमति प्राप्त किए व नक्शा पास कराए बिना भवन मकान दुकान आदि का निर्माण करने वालों पर निगम कड़ी कार्यवाही करेगा, इसी प्रकार अनियमित निर्माण का नियमितीकरण कराने हेतु जिन लोगों द्वारा आवेदन प्रस्तुत नहीं किए जा रहे हैं, उन पर भी निगम के अधिकारियों की कड़ी नजर बनी हुई है। आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने नियमों का पालन न करने, नियम विरूद्ध भवन निर्माण करने तथा निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने वालों के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यो शासकीय योजनाओं की कार्यप्रगति, राजस्व वसूली व अन्य विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने भवन निर्माण अनुमति शाखा से जुड़े कार्यो की समीक्षा करते हुए भवन निर्माण अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों तथा उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी ली, अनियमित विकास के नियमितीकरण हेतु आवेदनों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन व्यक्तियों का निर्माण अनियमित है, यदि वे नियमितीकरण हेतु जल्द आवेदन प्रस्तुत नहीं करते है, तो उन पर तुरंत कार्यवाही करें। इसी प्रकार निगम के विभिन्न जोनांतर्गत बनने वाले ऐसे भवन मकान जिनकी विधिवत अनुमति प्राप्त नहीं की गई, नियमानुसार नक्शा पास नहीं कराया गया, उन पर भी नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। आयुक्त श्री पाण्डेय ने जोनवार नियुक्त भवन निरीक्षकों व प्रभारी अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि वे नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करें तथा यह देंखे कि मकान निर्माण की विधिवत अनुमति निगम से ली गई, नक्शा पास कराया गया है, यदि ऐसा नहीं किया गया तो नियमों के उल्लंघन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

**राजस्व वसूली में शिथिलता पर अधिकारी होंगे जिम्मेदार –** आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने बैठक के दौरान जोनवार राजस्व वसूली कार्यप्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए

कहा कि राजस्व वसूली कार्यो में तेजी लाएं, निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें, लक्ष्य के अनुसार राजस्व की वसूली न होने पर संबंधित अधिकारी इसके लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होने कहा कि जिन बकायादारों को डिमांड नोटिस का समय पूरा हो गया है, उन्हें कुर्की वारंट जारी करें, यदि बकायादारों द्वारा 10 जनवरी तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती तो कुर्की की कार्यवाही प्रारंभ कराएं।

**शासकीय योजनाओं पर विशेष फोकस –** आयुक्त श्री पाण्डेय ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं की कार्यप्रगति की योजनावार विस्तार से समीक्षा की तथा योजनाओं के त्रुटिरहित संचालन पर विशेष फोकस रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने गोधन न्याय योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री सस्ती दवा दुकान श्री धनंवतरी योजना, मुख्यमंत्री मितान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वनिधि योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं सहित अन्य विविध योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। आयुक्त श्री पाण्डेय ने गोबर की खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण, गोठानों की आवश्यक व्यवस्थाएं, गोबर व खाद का सुरक्षित भण्डारण तथा कम्पोस्ट का विक्रय, मोबाईल मेडिकल यूनिटों के नियमित संचालन, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों की निःशुल्क जांच व मुफ्त इलाज आदि से जुड़े कार्यो की सघन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

**स्वच्छता कार्यो की सघन समीक्षा –** बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने शहर की स्वच्छता व साफ –सफाई कार्यो की समीक्षा करते हुए सड़क, नाली आदि की नियमित सफाई, नाईट स्वीपिंग, डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की बेहतरी के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने एस.एल.आर.एम. सेंटरों की व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने, गीले व सूखे कचरे का समुचित प्रबंधन करने, स्वच्छता कार्यो में संलग्न संसाधनों का पूर्ण उपयोग करने तथा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप साफ–सफाई कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**समयसीमा के प्रकरणों का समय पर निराकरण –** बैठक के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने कलेक्टर टी. एल. एवं जनदर्शन, मुख्यमंत्री जन चौपाल, निगम टी.एल., पी.जी.एन.प्रकरण, शासन से प्राप्त पत्र सहित जनसमस्याओं से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनका निराकरण निर्धारित समयसीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा –** आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, प्रभारी मंत्री मद, विधायक मद, सांसद मद, महापौर मद, पार्षद व एल्डरमेन मद, जिला खनिज न्यास व अधोसंरचना मद, निगम मद, मरम्मत एवं संधारण, वित्त आयोग मद सहित अन्य मदों के अंतर्गत प्रस्तावित व प्रगतिरत निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की मदवार समीक्षा की तथा कार्यप्रगति में तेजी लाने, समयसीमा में कार्य को पूरा करने व निर्माण कार्यो की गुणवत्ता पर कडी नजर रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**निगम के भवनों की पोताई गोबर पेंट से –** आयुक्त श्री पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी की घोषणा का शतप्रतिशत पालन सुनिश्चित करते हुए निगम द्वारा निर्मित भवनों तथा निगम आधिपत्य के भवनों की आवश्यकतानुसार पोताई केवल गोबर पेंट से ही की जाए, यदि गोबर पेंट के स्थान पर किसी अन्य पेंट से पोताई पेंटिंग का कार्य कराया जाता है तो संबंधित अधिकारी की जवाबदारी तय की जाएगी।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त खजांची कुम्हार, अधीक्षण अभियंता एम.के.वर्मा, उपायुक्त पवन वर्मा, बी. पी.त्रिवेदी, जोन कमिश्नर ए.के.शर्मा, आर.के.माहेश्वरी, एम.एन.सरकार, एन.के.नाथ, विनोद शांडिल्य, अखिलेश शुक्ला, तपन तिवारी, संपदा अधिकारी श्रीधर बनाफर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, सहायक लेखाधिकारी अशोक देशमुख, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, रघुराज सिंह, अनिरूद्ध सिंह, के.एस. क्षत्री, सहायक अभियंता डी.सी.सोनकर, प्रकाश चन्द्रा, एच.आर.बघेल, विवेक रिछारिया, राहुल मिश्रा, गोयल सिंह विमल आदि के साथ अन्य अधिकारी अभियंतागण उपस्थित थे।